सार-समाचार

शिवाजी नगर में जागरूकता कार्यक्रम हुआ

जालोर, (कासं)। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, राजयोग भवन शिवाजी नगर जालोर में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा पौधारोपण कर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डीएफओ जयदेव सिंह, विशिष्ट अतिथि कंज्यूमर कोर्ट के प्रेसिडेंट घनश्याम यादव, ब्रह्माकुमारी अस्मिता बहन (बालोतरा), ब्रह्माकुमारी रंजू बहन तथा धनेश्वर भाई (असिस्टेंट मैनेजर, आदिनाथ फतेह ग्लोबल आई हॉस्पिटल, जालोर) विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि जयदेव सिंह ने उपस्थित जनसमूह को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। कंज्यूमर कोर्ट के अध्यक्ष घनश्याम यादव ने एक प्रेरणादायक कहानी के माध्यम से बताया कि ईश्वर ने मनुष्य को सुंदर प्रकृति के साथ-साथ उसके सुखों का अनुभव करने की क्षमता भी प्रदान की है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम प्रकृति का दोहन नहीं, बल्कि संरक्षण करें, जिससे प्राकृतिक संतुलन बना रहे और मानव जीवन भी संतुलित एवं सुखी रह सके। ब्रह्माकुमारी रंजू बहन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मानव की आंतरिक प्रकृति का परिवर्तन भी आवश्यक है। इसके लिए आत्मिक जागृति, सकारात्मक चिंतन और आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में अपनाना जरूरी है। उन्होंने उपस्थित सभी भाई-बहनों को प्रकृति एवं विश्व कल्याण के लिए 5 मिनट का राजयोग मेडिटेशन अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं सुचारू मंच संचालन ब्रह्माकुमारी अस्मिता बहन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जालोर शहर के अनेक गणमान्य नागरिक लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, उम्मीद सिंह चारण, डॉ पुंसल,हंसराज राव,भंवर लाल परिहार,ललित भाई, डॉ जसवीर भाई ,विकास भाई,राकेश,नरेश,लीला बहन,शिल्पा बेन ,शिवानी बहन, संतोषी बेन,ट्विंकल,सागर,सुनीता,मंजू राव,भावना माता,सेती बेन,रिंकू बेन सहित कई भाई-बहन एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे। सभी ने पर्यावरण संरक्षण, वृक्षारोपण तथा प्रकृति के संवर्धन का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुआ तथा सभी को अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने और प्रकृति के प्रति जिम्मेदार व्यवहार अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

पोकरण में पर्यटक बस का चक्का फंसा

पोकरण, (निसं)। शहर में पेयजल पाइपलाइन मरम्मत कार्य के दौरान ठेकेदार की कथित लापरवाही के चलते रविवार सुबह एक बडा हादसा होते-होते टल गया। मुख्य सडक मार्ग पर पर्यटकों से भरी बस का चक्का सडक में धंस जाने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हालांकि स्थानीय लोगों और पुलिस प्रशासन की तत्परता से बस को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। ाप्त जानकारी के अनुसार शहर में पेयजल पाइपलाइन बिछाने एवं मरम्मत कार्य के तहत शनिवार को सडक पर खुदाई की गई थी। आरोप है कि कार्य पूरा होने के बाद ठेकेदार द्वारा खोदे गए हिस्से को नियमानुसार समतल नहीं किया गया, जिससे सडक कमजोर बनी रही। रविवार सुबह मुख्य मार्ग से गुजर रही पर्यटकों की बस का एक चक्का उसी स्थान पर धंस गया। गनीमत रही कि समय रहते बस रुक गई और कोई जनहानि नहीं हुई, अन्यथा बडा हादसा हो सकता था। स्थानीय लोगों का कहना है कि सडक पर की गई खुदाई के बाद उचित मरम्मत नहीं होने से पिछले कुछ दिनों से छोटे-मोटे हादसे हो रहे हैं। इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार और विभाग द्वारा समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा तथा स्थानीय लोगों की सहायता से बस को बाहर निकालने की कार्रवाई की गई। नागरिकों ने प्रशासन से सडक की गुणवत्ता की जांच करवाने तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

खजूर के सूखे पौधे बने हादसे का कारण

पोकरण, (निसं)। शहर के सौंदर्यीकरण के तहत लगभग तीन वर्ष पूर्व तत्कालीन कैबिनेट मंत्री सालेह मोहम्मद के करकमलों द्वारा मुख्य मार्गों के डिवाइडरों पर लाखों रुपये की लागत से खजूर के पौधे लगाए गए थे। उस समय इसे हरित एवं सुंदर पोकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया गया था, लेकिन वर्तमान स्थिति प्रशासनिक दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार इन खजूर के पौधों के रखरखाव और सिंचाई पर प्रतिवर्ष लाखों रुपये खर्च किए गए। इसके बावजूद आज अधिकांश पौधे सूख चुके हैं और केवल गिने-चुने पौधे ही डिवाइडरों पर दिखाई दे रहे हैं। शहरवासियों का सवाल है कि जब पौधों की देखरेख पर लगातार राशि खर्च की गई तो आखिर अधिकांश पौधे नष्ट कैसे हो गए। स्थिति यह है कि डिवाइडरों के बीच खडे सूखे खजूर के पौधे अब सौंदर्य बढाने के बजाय दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। कई स्थानों पर सूखे तने और शाखाएं वाहन चालकों के लिए खतरा बन गई हैं। शहर में अब यह चर्चा आम हो गई है कि करीब 10 लाख रुपये की लागत से लगाए गए इन पौधों और उनके रखरखाव पर खर्च हुई राशि का वास्तविक लाभ कहां गया। लोगों का आरोप है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए तथा यह स्पष्ट किया जाना चाहिए कि पौधारोपण और रखरखाव पर खर्च की गई राशि का उपयोग किस प्रकार किया गया। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से सूखे पौधों को तत्काल हटाने, नए पौधे लगाने तथा पूरे मामले की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

भाजपा मंडल जुंजाणी की बैठक हुई

भीनमाल, (निसं)। भाजपा जुंजाणी मंडल की ओर से आत्मनिर्भर मंडल मासिक बैठक का आयोजन रविवार को पुनासा माजीसा मंदिर में मंडल अध्यक्ष सांवलाराम देवासी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में संगठन विस्तार, जनसंपर्क एवं पार्टी की नीतियों के प्रचार-प्रसार को लेकर चर्चा की गई। मंडल अध्यक्ष सांवलाराम देवासी ने कहा कि कार्यकर्ताओं के समर्पण और मेहनत से ही संगठन मजबूत होता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से जनता के बीच सक्रिय रहकर पार्टी की रीति-नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का आ ान किया। जन अभियोग निराकरण समिति के सदस्य रमेश सोनी ने भी संगठन मजबूती को लेकर कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। मंडल प्रभारी भरत सिंह राव एवं युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष खुमान सिंह राठौड ने भी अपने विचार व्यक्त किए। बैठक के दौरान जन अभाव अभियोग निराकरण समिति का सदस्य मनोनीत होने पर रमेश सोनी का साफा एवं पार्टी का दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महामंत्री इंद्र सिंह राणावत, देवेंद्र जोशी, उपाध्यक्ष कांतिलाल दर्जी, युवा मोर्चा मंडल महामंत्री अर्जुन चौधरी, शक्ति केंद्र संयोजक लक्ष्मण चौधरी, भगवानराम बिश्नोई, मोडाराम पुरोहित, आसुराम बिश्नोई, पारस पुरोहित, अर्जुन देवासी आदि मौजूद रहे।

भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुनाया

जैसलमेर, (नि.सं.)। श्री पुरुषोत्तम मास भागवत सेवा समिति द्वारा आयोजित भागवत कथा के तृतीय दिवस सुबेदी महाराज ने भक्त प्रहलाद का प्रसंग सुनाते हुए बताया कि पिता हिरणाकश्यप द्वारा अनंत यातनाएं देने के बावजूद नरसिंह भगवान ने भक्त प्रहलाद को समस्त अत्याचारों से मुक्त करवा कर हिरणाकश्यप का वध कर के भक्त प्रहलाद को गले लगाया। महाराज ने कहा कि भक्त प्रहलाद की भक्ति से मोहित होकर भगवान ने नरसिंह अवतार ले कर प्रकट हुए। आयोजन समिति के संरक्षक गोवर्धन थानवी ने बताया कि रविवार को भागवत कथा ब्यास पीठ का पूजन, महाराज का स्वागत एवं आरती जजमान परिवार की तरफ से जगदीश हर्ष तथा सरदारमल भोजक द्वारा किए गए। मीडिया प्रभारी प्रमोद जगानी ने बताया कि रविवार को भागवत कथा में सुखदेव आगमन, ध्रुव चरित्र, अजामिल, प्रहलाद कथा के प्रसंग सुनाए। कथा वाचन के साथ साथ भजन कीर्तन से श्रद्धालु नाचते झूमते आनंद की अनुभूति महसूस कर रहे थे। रविवार को कथा में मदनमोहन बिस्सा, आशीष थानवी, दिनेश थानवी, रामनिवास शर्मा,, अभीषेक व्यास, भंवरलाल व्यास, प्रमोद पुरोहित बरसा, दामोदर जगानी पुरोहित, श्रीकृष्ण आचार्य, नवनीत थानवी, आजाद बिस्सा, मयूर हर्ष सूरत,सुरेन्द्र जोशी, गोपीकृष्ण पुरोहित एवं श्रद्धालु उपस्थित थे।

रेवदर में हाइवे जन आंदोलन पर चर्चा की

रेवदर, (निसं)। मंडार से सिरोही के बीच नेशनल हाईवे पर बढ रही सडक दुर्घटनाओं की रोकथाम के प्रयास और अतिशीघ्र फोरलेन और बायपास निर्माण को लेकर लगातार संघर्ष कर रही हाईवे जन आंदोलन संघर्ष समिति के सदस्यों की विशाल बैठक का आयोजन रविवार को कस्बे के अम्बेडकर भवन में हुआ। बैठक में पूर्व में सांकेतिक जाम, ज्ञापन, विशाल प्रदर्शन और बंद के आहवान के उपरांत आज दिन तक प्रशासन और सरकार द्वारा कोई कार्यवाही नहीं होने को लेकर दुख व्यक्त किया वही आंदोलन को राजनीति से परे बताया और आंदोलन के सदस्यों ने कहा कि कांग्रेस बीजेपी नहीं यह आम आदमी और उसके परिवार की सुरक्षा को लेकर आंदोलन हो रहा है। पूर्व में रूट डायवर्ट को लेकर एसपी ने आश्वासन दिया था, उस पर भी कोई कार्यवाही नहीं हुई एवं लगातार भारी ट्रकों की आवाजाही शुरू है और हादसे रुकने का नाम नहीं ले रहे है। 15 जून को विशाल धरना प्रदर्शन करने को लेकर सबने सहमति जताई।

जोधपुर जिले में कई पेयजल शिकायतों का समाधान किया

- जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पेयजल गुणवत्ता एवं जलापूर्ति संबंधी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की
- गोलनाड़ी एवं वीर तेजा नगर, बासनी सांगरिया क्षेत्र में लोगों को राहत दी

जोधपुर, (कासं)। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने पेयजल गुणवत्ता एवं जलापूर्ति संबंधी शिकायतों के त्वरित कार्रवाई करते हुए गोलनाड़ी एवं वीर तेजा नगर, बासनी सांगरिया क्षेत्र में प्राप्त शिकायतों का समाधान कर लोगों को राहत पहुंचाई है। विभागीय जांच एवं आवश्यक सुधारात्मक कार्यों के बाद दोनों क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता संतोषजनक पाई गई है।

गोलनाड़ी क्षेत्र के निवासी गजेसिंह शर्मा द्वारा शिकायत दर्ज करवाई गई थी कि उनके निवास पर जलापूर्ति कम प्रेशर से हो रही है तथा पानी गंदा आ रहा है। शिकायत प्राप्त होने पर अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र मेहता के निर्देशानुसार सहायक अभियंता प्रवीण कुमार, कनिष्ठ अभियंता पंकज सैनी एवं विभागीय टीम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए लगातार तीन दिनों तक जलापूर्ति की निगरानी एवं जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि परिवादी का मकान गोलनाड़ी जलापूर्ति क्षेत्र के टेल एंड (अंतिम छोर) पर स्थित है। शिकायत के मद्देनजर संबंधित समस्त मैनहोल एवं पाइपलाइन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में अजय चौक के पास पाइपलाइन में एक लीकेज पाया गया, जिससे बाहरी दूषित जल के पाइपलाइन में प्रवेश की संभावना थी। विभागीय टीम द्वारा उक्त लीकेज को तत्काल दुरुस्त किया गया। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद पुनः जलापूर्ति के समय परिवादी के निवास पर पानी की जांच की गई, पानी साफ पाया गया। जल गुणवत्ता की पुष्टि के लिए पानी का नमूना परीक्षण हेतु प्रयोगशाला में भी भेजा गया है। वर्तमान में परिवादी द्वारा जलापूर्ति एवं पानी की गुणवत्ता के संबंध में संतोष व्यक्त करते हुए समस्या के समाधान की पुष्टि की गई है।4 जून को राजस्थान मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) एवं सोशल मीडिया माध्यम से वीर तेजा नगर, बासनी सांगरिया क्षेत्र में पेयजल में गंदा पानी आने संबंधी शिकायत प्राप्त हुई। शिकायत प्राप्त होते ही विभाग द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित संज्ञान लिया गया।

अधिशासी अभियंता, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं उनकी टीम द्वारा 5 जून को क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कॉलोनी के कई घरों में गंदा पानी आना पाया गया। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित सांगरिया ग्राम सेवक से समन्वय स्थापित कर क्षेत्र में स्थित सीवरेज की ओवरफ्लो होड़ियों को खाली कराने की व्यवस्था की गई। ग्राम पंचायत एवं विभागीय कार्मिकों के संयुक्त प्रयास से क्षेत्र की समस्त सीवरेज होड़ियों की सफाई करवाई गई। साथ ही विभागीय टीम द्वारा क्षेत्र का गहन तकनीकी सर्वे एवं निरीक्षण कर ऐसे संभावित स्थानों की पहचान की गई, जहां से प्रदूषित जल के पेयजल लाइन में प्रवेश करने की संभावना थी। निरीक्षण के दौरान दो संवेदनशील बिंदु चिन्हित किए गए। इनमें से एक स्थान पर सीवरेज सॉफिट के समीप स्थापित वाल्व को सुरक्षित स्थान पर स्थानांतरित किया गया तथा दूसरे स्थान पर सीवरेज होड़ी में पेयजल पाइपलाइन से हो रहे रिसाव को तत्काल दुरुस्त कराया गया। सुधारात्मक कार्य पूर्ण होने के पश्चात 6 जून को क्षेत्र में पुनः पेयजल आपूर्ति प्रारंभ की गई। जलापूर्ति के दौरान विभागीय टीम द्वारा लगभग 15 से 20 घरों का निरीक्षण कर पेयजल की गुणवत्ता की जांच की गई। जांच में पेयजल स्वच्छ एवं सुरक्षित पाया गया तथा क्षेत्र में किसी भी प्रकार के प्रदूषण अथवा गंदे पानी की कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता राजेन्द्र मेहता ने बताया कि विभाग क्षेत्रवासियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा पेयजल गुणवत्ता संबंधी शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए सतत प्रयासरत है।

जैसलमेर के जेठा पाड़ा में स्पीड ब्रेकर की मांग

- क्षेत्रवासी नगर परिषद आयुक्त को को शिकायतें दे चुकें

जैसलमेर, (नि.सं.)। पर्यटन नगरी जैसलमेर के वार्ड संख्या 14 स्थित जेठा पाड़ा में बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं।

गर्मी की छुट्टियों के दौरान प्रतिदिन सुबह-शाम सैकड़ों बच्चे मोहल्ले के चौक और आसपास की सड़कों पर खेलते हैं, लेकिन क्षेत्र में स्पीड ब्रेकर नहीं होने से तेज रफ्तार वाहनों से खतरा लगातार बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय निवासियों के अनुसार कुछ समय पूर्व नगर परिषद द्वारा मोहल्ले की सड़क पर सीमेंट फर्श का निर्माण कराया गया था, लेकिन निर्माण के दौरान आवश्यक स्पीड ब्रेकर नहीं बनाए गए। परिणामस्वरूप गांधी कॉलोनी सहित शहर के विभिन्न हिस्सों से आने-जाने वाले दुपहिया वाहन चालक इस मार्ग का उपयोग शॉर्टकट के रूप में करते हुए तेज गति से वाहन दौड़ा रहे हैं। लोगों का कहना है कि कई बार बच्चे वाहन चालकों की लापरवाही के कारण चोटिल हो चुके हैं। बावजूद इसके अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि इस संबंध में नगर परिषद आयुक्त लजपालसिंह सोढा को 26 नवंबर 2025 तथा 16 फरवरी 2026 को लिखित शिकायतें देकर सड़क पर स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग की गई थी, लेकिन महीनों बीत जाने के बाद भी प्रशासनिक स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते सुरक्षा उपाय नहीं किए गए तो कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है। बच्चों की सुरक्षा से जुड़े इस मामले में नगर परिषद की निष्क्रियता पर भी सवाल उठ रहे हैं।

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और नगर परिषद से तत्काल हस्तक्षेप कर जेठा पाड़ा की सड़क पर स्पीड ब्रेकर निर्माण, चेतावनी संकेतक लगाने तथा तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

विशेषज्ञों का मानना है कि आवासीय क्षेत्रों, विद्यालयों और बच्चों के खेल स्थलों के निकट स्पीड ब्रेकर तथा यातायात नियंत्रण के उपाय सड़क सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। ऐसे में जेठा पाड़ा के निवासियों की मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन को शीघ्र समाधान करना चाहिए, ताकि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

साइकिल रैली व फिटनेस गतिविधियां आयोजित

- जोधपुर में संडे ऑन साइकिल अभियान
- योग, जुम्बा, रोप स्किपिंग एवं मेडिसिन बॉल व्यायाम से दिया फिटनेस का संदेश

जोधपुर, (कासं)। राज्य सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र (आरपीटीसी), जोधपुर में रविवार को संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत साइकिल रैली एवं विभिन्न फिटनेस गतिविधियों का आयोजन किया गया।

राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, जोधपुर के प्रधानाचार्य डॉ. महावीर सिंह राणावत ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस उप महानिरीक्षक देवेन्द्र विश्नोई के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधानाचार्य डॉ. महावीर सिंह राणावत के विशिष्ट आतिथ्य में रैली को हरी झण्डी दिखाकर तथा गुब्बारे उड़ाकर रवाना किया गया।

उन्होंने बताया कि आयोजित साइकिल रैली पुलिस प्रशिक्षण स्कूल से प्रारंभ होकर मंडोर होते हुए पुनः राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र पहुंचकर सम्पन्न हुई।

रैली में राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र, पुलिस प्रशिक्षण स्कूल तथा सरदार वल्लभभाई पटेल पुलिस कमांडो प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में 200 से अधिक कार्मिकों एवं उनके परिजनों ने सहभागिता कर स्वस्थ जीवनशैली एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

रैली के उपरांत प्रतिभागियों के लिए योग, जुम्बा, रोप स्किपिंग एवं मेडिसिन बॉल व्यायाम जैसी गतिविधियों का आयोजन किया गया। संस्थान के योग प्रशिक्षक इन्द्र सिंह एवं करण सिंह ने प्रतिभागियों को ध्यान, प्राणायाम तथा विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया।

इसके पश्चात संस्थान के भरत सिंह, नारायण सिंह एवं पुराराम ने सभी प्रतिभागियों को जुम्बा, रोप स्किपिंग तथा मेडिसिन बॉल व्यायाम करवाया। इस दौरान तीनों प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षुओं ने संगीत की धुन पर विभिन्न व्यायाम गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फिटनेस का आनंद लिया।

कार्यक्रम में आरपीटीसी, जोधपुर के कमांडेंट गोपाल सिंह भाटी, पुलिस प्रशिक्षण स्कूल, जोधपुर के कमांडेंट रविराज सिंह, कमांडो स्कूल के कमांडेंट जोगेंद्र सिंह, आरपीटीसी के नोडल अधिकारी प्रेमप्रकाश, पीटीएस के नोडल अधिकारी चक्रवर्ती सिंह, स्पोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हनवंत सिंह राठौड़, संस्थान के संचित निरीक्षक गोविन्द सिंह खिंची, पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र सिंह, सुरेश बारोलिया सहित तीनों प्रशिक्षण संस्थानों के अधिकारी एवं कार्मिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में उप पुलिस अधीक्षक निशा भटनागर एवं भंवर सिंह ने सभी प्रतिभागियों एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पुलिस निरीक्षक पंकज राज माथुर ने किया।

कवयित्री लीला कृपलानी की स्मृति में काव्य गोष्ठी हुई

जोधपुर, (कासं)।अंतर प्रांतीय कुमार साहित्य परिषद का तत्वावधान में गांधी भवन में स्व. कवयित्री लीला कृपलानी की स्मृति में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। काव्य गोष्ठी के मुख्य अतिथि निबंधकार एवं गीतकार सत्यदेव संविर्तेंद्र ने एक गीत कल फिर हम आएंगे, कुछ सपने लाएंगे बंद मुट्ठियों कीकहानियां सुनाएंगे सुनाया और कहा कि कविता मनुष्य को संस्कारित करने के साथ ही लोक रीतिकी राह दिखाती है।इसीलिए लीला जी ने सृजन की राह चुनी।

कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ साहित्यकार बसंती पँवार ने एक कविता अनोखा जीवकापाठ किया और कहा कि वयोवृद्ध साहित्यकारों के जीते जी, उन्ही को समर्पित ऐसे आयोजन हों तो उन्हें आत्मिक खुशी का अहसास होता है।

विशिष्ट अतिथि कवि एवं रंगकर्मी प्रमोद वैष्णव ने इस अवसर पर एक कविता एक शख्स गुनाह करते पकड़ा गया ,तंग हालात में भी मुस्कुराते हुए पकड़ा गया सुनाई। परिषद की महामंत्री डॉ पद्मजा शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया और लीला कृपलानी का परिचय देते हुए बताया कि लीला जी साहित्य, समाज और अध्यात्म को एक साथ साध रही थीं।

परिषद की अध्यक्ष गीता भट्टाचार्य ने बताया कि गोष्ठी में हिन्दी, राजस्थानी एवं उर्दू के कवियों ने कविता पाठ किया।उर्वशी चौहान ,कुंतल हर्ष ,सत्येन्द्र सिंह चारण ,महावीर सिंह खुर्शीद,निधि व्यास ,अमिता भंडारी ,पूजा प्रजापत , दमन त्रिपाठी,रमेश भार्गव , डॉ सूरज माहेश्वरी,सुदर्शन कुमार ,विजय लक्ष्मी राठौड़ ,पंडित सिद्धांत तिवारी ,अनिल चौहान ,ओमप्रकाश गोयल ,रेणु वर्मा ,बसंती चौहान ,अरमान जोधपुरी ,अकलम नईम ,दमन त्रिपाठी,दीपा टाक,डॉ नीना छिब्बर,सत्येंद्र छिब्बर ,दीपा परिहार,छगनराज राव,सुरभि खींची,सुदर्शन कुमार , डॉ नरेंद्र जैन , डॉ एस सी धारीवाल ,आशीष कुमार मीणा,दशरथ सोलंकी, डॉ हस्तीमल आर्य हस्ती ,अशफाक अहमद फौजदार,निरंजन कंवर, डॉ वीणा चुण्डावत,रमेश भाटी ,डॉ तृप्ति काव्यांशी ,संतोष कुमार ,मोहन रुक्मैय,निमिषा मिश्रा ,कुलदीप सिंह भाटी ,राजेश भार्गव ,डॉ संदीप अरोड़ा ,आदि कवियों ने अपनी एक एक प्रतिनिधि रचना का पाठ किया। डेढ़ दर्जन कवियों ने पहली बार कविता पाठ किया।

गोष्ठी के अंत में जाने माने शायर बशीर बद्र को श्रद्धांजलि देते हुए दो मिनिट का मौन रखा गया।

डॉ सूरज माहेश्वरी ने कार्यक्रम का सरस संचालन किया। युवा कवि अरमान जोधपुरी ने सभी विद्वतजनों का धन्यवाद ज्ञापन किया। रात देर तक चली काव्य गोष्ठी में डॉ कौशलनाथ उपाध्याय, डॉ रंजना उपाध्याय, डॉ भावेंद्र शरद जैन , काजी तैय्यब अंसारी, महेश कुमार पंवार,आशा पाराशर, डॉ रेणुका श्रीवास्तव ,दिलीप केसानी ,डॉ मदनलाल जांगिड़ ,जसवंत सुथार, अंबालाल जैदिया ,सईद खान ,देव कुमार चौहान ,पूजा प्रजापत ,शिव प्रकाश अरोड़ा ,सुशीला भण्डारी ,उषा गहलोत ,सुनील चारण ,सहित शहर के कई साहित्य प्रेमीउपस्थित थे।

पाली में नगर परिक्रमा आज

पाली, (नि.सं.)। पाली नगर अधिक मास परिक्रमा इस बार 51 वर्ष पूर्ण होने पर गोल्डन जुबली बन गई है, इसको लेकर विशेष तैयारी जोर-जोर से की गई। सोमवार सुबह 9:15 बजे सोमनाथ मंदिर से आरती के पश्चात हजारों शहर वासी परिक्रमा के साथ चलेंग। परिक्रमा को लेकर पूरे शहर में झंडिया व बैनर लगा दिए गए।

मानपुरा भाकरी में विशाल टेंट यात्रा के लिए लगाया गया है यात्रा के खाने-पीने पानी की व्यवस्था पूर्ण कर ली गई। परिक्रमा सोमनाथ मंदिर के बाहर आरती के पश्चात शुरू होगी जिसमें जिला कलेक्टर, दाती मदन महाराज, संत सर्जन दास के साथ परिक्रमा के संयोजक पंडित शंभूलाल, मंत्री कैलाश टवानी, हीरालाल व्यास, शांतिलाल सोनी सहित कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

खारवा में 9 से पंच धूणी तपस्या

बालोतरा, (निसं)। बालोतरा जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खारवा में 9 जून से आध्यात्मिक ऊर्जा, तपस्या और सनातन संस्कृति के संरक्षण को समर्पित 11 दिवसीय पंच धूणी तपस्या महाअनुष्ठान का भव्य आयोजन किया जाएगा। मामाजी गो सेवा संस्थान खारवा के पावन परिसर में आयोजित होने वाले इस धार्मिक अनुष्ठान को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

आयोजन 20 जून तक चलेगा, जिसमें संत-महात्माओं के सान्निध्य में श्रद्धालुओं को धर्म, तप और भक्ति का लाभ प्राप्त होगा।

निंबेश्वर हाथीबंद महादेव मठ खारवा के मठाधिपति महंत भुवनेश्वरपुरी महाराज ने बताया कि पंच धूणी तपस्या भारतीय सनातन परंपरा में तप, त्याग और आत्मशुद्धि का एक महत्वपूर्ण साधन माना जाता है। इस प्रकार के धार्मिक अनुष्ठान समाज में आध्यात्मिक चेतना का संचार करते हैं तथा लोगों को धर्म और संस्कारों से जोडने का कार्य करते हैं। उन्होंने समस्त सनातन धर्मावलंबियों, गौभक्तों एवं धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से इस महाअनुष्ठान में अधिकाधिक संख्या में भाग लेकर धर्मलाभ अर्जित करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा, नैतिक मूल्यों और आध्यात्मिक जागरण का संदेश देते हैं। खारवा मठाधीश के शिष्य एवं गौसेवा के प्रति समर्पित गौभक्त घनश्याम महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 जून से प्रारंभ होने वाले इस 11 दिवसीय अनुष्ठान के दौरान पंच धूणी तपस्या के साथ-साथ प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन, संत-सत्संग, गौसेवा एवं विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्रद्धालुओं के लिए दर्शन, सत्संग एवं धर्मचर्चा की विशेष व्यवस्था भी रहेगी। उन्होंने बताया कि आयोजन में आस पास गांवों सहित जिलेभर से बडी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। इसके मद्देनजर संस्थान एवं मठ प्रशासन की ओर से पेयजल, बैठने, आवास तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियां की जा रही हैं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पडे।

आयोजकों ने बताया कि यह महाअनुष्ठान केवल धार्मिक कार्यक्रम ही नहीं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और आध्यात्मिक जागरण का संदेश देने वाला आयोजन भी होगा।

पाली में कांग्रेसजनों ने जन समस्याओं पर चर्चा की

पाली, (नि.सं.)। पाली शहर की जनसमस्याओं, पेयजलापूर्ति, अघोषित बिजली कटौती एवं सीवरेज समस्या सहित विभिन्न मांगों को लेकर आगामी दिनों में प्रस्तावित नगर निगम कार्यालय घेराव व जन आंदोलन की तैयारी को लेकर बैठक रविवार को जिला कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष शिशुपालसिंह निम्बाडा व शहर ब्लॉक अध्यक्ष हकीम भाई की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

मुख्य अतिथि संगीता बेनीवाल ने कहा राज्य सरकार की असफलता व अक्रमण्यता को जनता में ले जाकर अपने अधिकारों की लड़ाई आगे आकर लड़नी होगी। महिला नेता सुमित्रा जेन व नीलम बिड़ला सहित कई वक्ताओ ने संबोधित किया। मंच संचालन जोगाराम सोलंकी ने किया। धन्यवाद कांग्रेस नेता आनंद सोलंकी ने ज्ञापित किया। प्रस्तावित जनांदोलन में जनसमस्याओं, राज्य सरकार द्वारा लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर कर गत दो वर्षों से निकाय चुनावों टालने, सीवरेज, मानसून पूर्व ड्रेनेज सिस्टम के पुख्ता इंतजाम करने व नालों की सफाई, लड़खड़ाई पेयजल व्यवस्था, अघोषित बिजली कटौती, बजट व रख - रखाव के अभाव में शहर के लगभग तीस से अधिक वीरान पड़े सार्वजनिक उद्यानों, खस्ताहाल सड़कों एवं लंबित पट्टा, हस्तांतरण प्रकरणों सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर पाली कांग्रेस द्वारा आगामी दिनों में प्रस्तावित नगर निगम कार्यालय का घेराव कर विशाल जनांदोलन की तैयारी पर चर्चा हुई।

इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष मेहबूब टी, प्रकाश सांखला, जीवराज बोराणा, भँवर राव, गोविंद बंजारा, रतन उदेश, ताराचन्द चन्दनानी, मण्डल अध्यक्ष रफीक गोरी, रघुवीर सिंह मंडली, शकील नागोरी, राजू सोलंकी, चेलाराम रारबड़ा, भेराराम गुर्जर, रफीक चौहान, संतोख सिंह बाजवा, प्रकाश चौहान, मोनू मेघवाल, ओमा चौधरी, रमेश चावला, अकरम खिलेरी, जावेद सिरोहा, आमीन अली रंगरेज, इंसाफ मोयल, शहजाद शेख, राजेन्द्र घावरी, अशोक कुलदीप, कृष्णा सांसी, दिनेश पंवार, जयेश सोलंकी, दिनेश दवे, रमेश चौधरी, ताराचन्द टांक, लक्ष्मण कच्छवाह, पुष्पराज सोनी, असगर कुरैशी, संजय परमार, साबिर अशरफी, मगराज सोनी, मांगीलाल सोलंकी, इकबाल शेख, चांद मोहम्मद रंगरेज, फारुख रँगीला, शाहिद खान पीनु , अशोक वाल्मीकि, रमेश परिहार, चन्द्रपाल सिंह पुनायता, नारायण लाल थावलेचा, पंकज सैनी, गिरधारी बंजारा, भवर मकवाना, ओटाराम चौधरी, रमेश तुंगारिया, रामचन्द्र बुनकर, रमेश गर्ग, आबिद भाई चढ्ढवा, जीसान अली रंगरेज, पूरन आर्य, शौकीन खान भाटी, जावेद गौरी, राजेश पंवार, मुनाजिर अली चूडीघर, राजेन्द्र शर्मा, अरबाज खान अजु, मेहबूब अली रंगरेज, हाजी मोईनुद्दीन, इल्लु अब्बासी, नासिर भाई घोसी सहित कई जने मौजूद रहे।

डिस्कॉम एमडी ने शिव क्षेत्र में विद्युत बहाली के कार्यों का निरीक्षण किया

बाड़मेर, (नि.सं.)। बाड़मेर जिले में आंधी-तूफान से शिव क्षेत्र में विद्युत तंत्र को हुए भारी नुकसान के बाद डिस्कॉम प्रबंधन लगातार राहत एवं बहाली कार्यों में जुटा हुआ है। डिस्कॉम के प्रबंध निदेशक डॉ. बी.एल. डेलू ने दूसरे दिन भी प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर विद्युतापूर्ति बहाली कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

इस दौरान प्रबंध निदेशक डॉ. बी.एल.डेलू ने शिव क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं प्रभावित इलाकों का निरीक्षण करते हुए तूफान से क्षतिग्रस्त हुए बिजली के पोल, टूटे तार, क्षितठास्त ट्रांसफार्मर एवं अन्य विद्युत संरचनाओं की स्थिति देखी। उन्होंने मौके पर मौजूद अभियंताओं एवं कर्मचारियों से नुकसान की विस्तृत जानकारी प्राप्त की तथा बहाली कार्यों को और अधिक गति देने के निर्देश दिए। इस दौरान उनको अवगत कराया गया कि शिव एवं भियाड़ क्षेत्र में आंधी-तूफान की तीव्रता इतनी अधिक थी कि कई स्थानों पर बिजली के पोल धराशायी हो गए, जबकि सैकड़ों किलोमीटर लंबी विद्युत लाइनें क्षतिग्रस्त हो गईं। इससे शिव क्षेत्र सहित आसपास के अनेक गांवों की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। ठामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था, कृषि कार्य और दैनिक जीवन भी प्रभावित हुआ। डिस्कॉम अधिकारियों के अनुसार विद्युत तंत्र को हुए नुकसान का आकलन लगातार किया जा रहा है और युद्ध स्तर पर मरम्मत कार्य जारी है। संसाधनों और मानवबल की अतिरिक्त व्यवस्था कर विभिन्न टीमों को प्रभावित क्षेत्रों में लगाया गया है।

बहाली कार्यों की समीक्षा की

निरीक्षण के दौरान प्रबंध निदेशक डेलू ने अधिकारियों की बैठक लेकर चल रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति बहाली को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए तथा जिन क्षेत्रों में अब भी बिजली बहाल नहीं हुई है वहां अतिरिक्त टीमें भेजकर कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए। फील्ड विजिट के साथ उन्होने शिव डिस्कॉम कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि सुरक्षा मानकों से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए और मरम्मत कार्य के दौरान कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। साथ ही उपभोक्ताओं की शिकायतों का त्वरित समाधान करने और विद्युत आपूर्ति की स्थिति की नियमित जानकारी आमजन तक पहुंचाने के भी निर्देश दिए।

चुनौतीपूर्ण स्थिति में कर्मचारियों ने दिखाई तत्परता

तूफान के बाद उत्पन्न हुई विकट परिस्थितियों के बावजूद डिस्कॉम के अभियंता, तकनीकी कर्मचारी और फील्ड स्टाफ लगातार दिन-रात कार्य कर रहे हैं।

तेज गर्मी, दुर्गम क्षेत्रों और खराब मौसम के बीच कर्मचारी विद्युत तंत्र को पुनः स्थापित करने में जुटे हुए हैं। एमडी ने कर्मचारियों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी डिस्कॉम टीम ने जिस समर्पण और जिम्मेदारी का परिचय दिया है, वह प्रशंसनीय है। उनके अथक प्रयासों के कारण बड़ी संख्या में प्रभावित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति पुनः शुरू की जा चुकी है। रविवार को अवकाश के दिन भी कर्मचारी एवं संविदाकार की 56 टीमें निरन्तर क्षतिग्रस्त पोल को बदलने के काम में जुटे रहे।

रविवार को 430 पोल बदले गए। अब तक करीब 1930 बदल दिए गए हैं एवं आगामी चार से पांच दिनों में विद्युतापूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

आमजन को मिलने लगी राहत

विद्युतापूर्ति बहाल होने से प्रभावित गांवों के आमजन को राहत मिलने लगी है। पेयजल आपूर्ति व्यवस्था पुनः सुचारू होने लगी है तथा घरेलू और कृषि कार्य भी सामान्य स्थिति की ओर लौट रहे हैं। हालांकि कुछ दूरस्थ क्षेत्रों में अभी भी मरम्मत कार्य जारी है, जहां जल्दी बिजली बहाल करने के प्रयास किए जा रहे है।

डिस्कॉम प्रबंधन का कहना है कि तूफान जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में विभाग की त्वरित कार्रवाई, बेहतर समन्वय और कर्मचारियों की मेहनत के कारण बहाली कार्य तेजी से आगे बढ़ रहे हैं तथा शेष क्षेत्रों में भी जल्दी विद्युतापूर्ति सामान्य कर दी जाएगी।

शिविर संपन्न

जोधपुर, (कासं)।श्री वीर प्रभु संस्थान एवं श्री वीर प्रभु महिला मंडल द्वारा स्मृति शेष श्रीमती उमा देवी कुम्भट की स्मृति में 1 जून से 7 जून तक खरतरगच्छ सेवा ट्रस्ट उद्यान अपार्टमेंट के पास सात दिवसीय नैतिक एवं धार्मिक शिक्षण शिविर का रविवार को समापन हुआ।

शिविर संयोजक मनीष मेहता व धीरज डोसी, संस्थान अध्यक्ष नरेश मेहता, संस्थापक राजकुमार भंडारी, एवं सचिव विनय पालगोता ने बताया कि सभी 16 कक्षाओं के बच्चों के परीक्षा परिणाम में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

आम सूचना

हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल मोहनलाल धान्धु पुत्र श्री किशनाराम जाति मेघवाल, निवासी रामदेव कॉलोनी, जालोर का स्व. अर्जित रहवासीय मकान रामदेव कॉलोनी जालोर में आया हुआ है मेरे मुवक्किल के पुत्र 1. विजय कुमार पुत्र मोहनलालजी, 2. प्रेम प्रकाश पुत्र मोहनलालजी दोनों पुत्र मेरे कहने मे नही है इन दोनों को आचरन, व्यवहार और आर्थिक गतिविधियां मेरे मुवक्किल व मुवक्किल के परिवार के प्रति बिलकुल सही नहीं है तथा मेरे मुवक्किल ने दोनों पुत्र 1. विजय कुमार पुत्र श्री मोहनलाल 2. प्रेम प्रकाश पुत्र श्री मोहनलाल को अपनी स्वयं की कमाई से अर्जित समस्त चल और अचल सम्पत्ति से पूर्णतः बेदखल करते है इनके साथ कोई सरकारी संस्था/गैर सरकारी संस्था/बैंक/रिश्तेदार किसी भी प्रकार का कोई वित्तीय लेन-देन व व्यवहार नहीं करें। यदि कोई वित्तीय लेन-देन व व्यवहार करता है तो उसकी समस्त जिम्मेदारी लेन-देन करने वाले स्वयं की होगी। इसमें मेरे मुवक्किल, मुवक्किल की पत्नी व उनके शेष दो पुत्रों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। सनद रहे वक्त जरूरत काम आवें।

रमेश कुमार धान्धु, एडवोकेट
कोर्ट कैम्पस, जालोर
मो.नं. 9828030787